TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

09 अक्टूबर 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

खुद को जानना सभी ज्ञान की शुरूआत है।

अरस्तू



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 09 अक्टूबर

1. **विश्व डाक दिवस–** मौसम कैसा भी हो, डाकिया आपके पत्र, पार्सल को पहुँचा जाता है। सूचना और संचार व्यवस्था में डाक से जुड़े लोगों की महती भूमिका की स्मृति में प्रतिवर्ष 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस यूनिवर्सल पोस्ट यूनियन के द्वारा 9 अक्टूबर, 1874 ई. से मनाना प्रारंभ किया गया था, क्योंकि इसी दिन जनरल पोस्टल यूनियन के गठन के लिए बर्न, स्वीट्जरलैण्ड में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किया था। 1 अप्रैल, 1879 ई. को जनरल पोस्टल यूनियन का नाम बदलकर यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन कर दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के बीच डाक विभाग के उत्पाद के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इस अवसर पर 9 से 14 अक्टूबर के बीच विश्व डाक सप्ताह मनाया जाता है।
   - **संदर्भः** नागरिक शास्त्र के पुस्तक से सुचना और संचार तकनीक से जोड़कर चर्चा करें।

2. **अमजद अली खान का जन्म–** भारत के प्रसिद्ध सरोद वादक अमजद अली खान का जन्म 9 अक्टूबर, 1945 ई. को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ था। वर्ष 1971 में उन्होंने द्वितीय एशियाई अंतर्राष्ट्रीय संगीत–सम्मेलन में भाग लेकर 'रोस्टम पुरस्कार' प्राप्त किया था। अमजद अली ने यह पुरस्कार मात्र 26 वर्ष की आयु में प्राप्त किया था। इसके अलावे उन्हें यूनेस्को पुरस्कार, कला रत्न पुरस्कार, 1975 में पदम श्री, 1991 में पदम भूषण, वर्ष 2001 में पदम विभूषण, 1989 में तानसेन सम्मान, 1989 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त किया है।

3. **भारतीय प्रादेशिक सेना दिवस–** भारतीय प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की स्थापना 9 अक्टूबर, 1949 ई. को की गई थी। प्रादेशिक सेना एक स्वैच्छिक नागरिक सेवा है। नियमित भारतीय सेना के बाद ये रक्षा करने वाली दूसरी सेना है। इसके जरिये आम नागरिक सेना में भर्ती होने और देश की सेवा करने का शौक पूरा कर सकता है। 'कैप्टन कूल' महेन्द्र सिंह धोनी भी वर्ष 2011 में प्रादेशिक सेना का हिस्सा बने थे। वे पैराशूट रेजिमेंट में शामिल हुए थे।

4. **डॉ. सैफुद्दीन किचलू का निधन–** डॉ. सैफुद्दीन किचलू भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के साथ–साथ एक वकील व भारतीय राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता भी थे। सन् 1929 में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में जब जवाहरलाल नेहरू ने पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित किया था तब डॉ. किचलू को कांग्रेस की लाहौर समिति का सभापति बनाया गया था। इसके पहले सन् 1924 में इन्हे कांग्रेस का महासचिव भी चुना गया था। ये भारत विभाजन के खिलाफ थे। इन्होंने मुस्लिमों के उत्थान के लिए उर्दू दैनिक 'तंजिम' शुरू किया था। 9 अक्टूबर, 1963 ई. को दिल्ली में इनका निधन हुआ था।

Wednesday

मधु प्रिया


# विश्व डाक दिवस 9 अक्टूबर




विश्व डाक दिवस हर साल 9 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 1969 में हुई थी उसी साल पहला विश्व डाक दिवस मनाया गया था। तभी से हर साल इसे 9 अक्टूबर के दिन मनाया जाता है। उसी तरह से भारत में भी राष्ट्रीय स्तर पर डाक दिवस मनाया जाता है। भारत में दिवस से अधिक इसे स्प्ताह से के तौर पर मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस के माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इस दिवस को मुख्य तौर पर लोगों में डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देशों के विकास सेवा के आर्थिक और सामाजिक महत्व को आगे बढ़ाना है। विश्व डाक दिवस के माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इस दिवस को मुख्य तौर पर लोगों में डाक सेवाओं की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इसके उद्देश्य की बात करें तो इसका मुख्य उद्देश्य देशों के विकास सेवा के आर्थिक और सामाजिक महत्व को आगे बढ़ाना है। 9 अक्टूबर 1874 को ''यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन'' के गठन हेतु बर्न, स्विटजरलैण्ड में 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर किया था इसीकारण विश्व डाक दिवस मनाने के लिए यह दिन चुना गया।1 जुलाई, 1876 को भारत यूनीवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना। तथा भारत में पहली बार वर्ष 1766 में डाक व्यवस्था की शुरूआत की गई, वर्तमान में भारतीय डाक विभाग की स्थिति इस प्रकार से है 150 वर्षों से अधिक पुरानी इस संस्था में डेढ़ लाख से अधिक पोस्ट ऑफिस है जिनमें से 89.87% ग्रामीण क्षेत्रों में है तथा औसतन 21.23 वर्ग किलोमीटर में यह लगभग 8086 जनसंख्या को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। भारत में एक विभाग के रूप में इसकी स्थापना 1 अक्तूबर, 1854 को हुई।भारतीय डाक विभाग 9 से 14 अक्टूबर के बीच विश्व डाक सप्ताह मनाता है।

# पुण्यतिथि विशेष 09 अक्टूबर

राकेश कुमार




**रवीन्द्र जैन** *Ravindra Jain*, जन्म- 28 फ़रवरी, 1944, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 9 अक्टूबर, 2015, मुम्बई, महाराष्ट्र) भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार तथा गायक थे। मुख्यत: उन्हें भजन गायक के रूप में ख्याति मिली थी। रवीन्द्र जैन हिन्दी सिनेमा के ऐसे संगीतकार थे, जिन्होंने मन की आँखों से दुनिया को समझा।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 09.10.2024

## औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

औपचारिक संक्रियात्मक अवधि पियाजे के वर्गीकरण की अंतिम अवस्था है जो लगभग 11 वर्ष की आयु से शुरू होती है और लगभग 15 वर्ष की आयु तक जारी रहती है। एक तार्किक दृष्टिकोण, संक्रिया पर काम करते हैं। उच्च-क्रम संरचना का उपयोग करने की क्षमता।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



देश में सबसे अधिक ढोल प्लाजा राजस्थान में हैं। राजस्थान में कुल 142 ढोल प्लाजा हैं।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## CRICKET




# भारत के लिए फास्टेस्ट टेस्ट फिफ्टी

| प्लेयर | बॉल | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| ऋषभ पंत | 28 | श्रीलंका | 2022 |
| कपिल देव | 30 | पकिस्तान | 1982 |
| यशस्वी जायसवाल | 31 | बांग्लादेश | 2024 |
| शार्दुल ठाकुर | 31 | इंग्लैंड | 2021 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TOB बूझो तो जानें..
453
वह कौन - सी चीज है, जिसे हम खाने के लिए
खरीदते है, लेकिन खाते नहीं है..... बुझो तो जानें ?
प्लेट
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
डाक दिवस
9 अक्टूबर
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


जन जन का साथ, सेवा का विश्वास
भारतीय डाक
India Post
9 अक्टूबर
विश्व डाक दिवस
पर सभी डाक कर्मियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# पुण्यतिथि पर नमन



## डॉ सैफुद्दीन किचलू

**15 जनवरी 1888-9 अक्टूबर 1963**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
उस्ताद अमजद अली खान
जन्म 9 अक्टूबर 1945
www.teachersofbihar.org
Madhu priya